14 क्रिएटिव यूजी प्रोग्राम की इस बार डिमांड ऊपर

विशेष संवाददाता, नई दिल्ली : आंबेडकर यूनिवर्सिटी दिल्ली में अकैडमिक सेशन 2019-20 के लिए अब तक 24 हजार रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं और अभी पांच दिन बाकी हैं। अंडरग्रैजुएट कोर्सों की 541 सीटों के लिए अब तक 13 हजार से ऊपर ऐप्लिकेशन आ चुकी हैं, वहीं रजिस्ट्रेशन करीब 17 हजार स्टूडेंट्स ने किया है। इसके अलावा पीजी, एमफिल-पीएचडी के लिए करीब 5100 ऐप्लकेशन आ चुकी हैं। इसके अलावा, सरकार से आदेश मिलने के बाद यूनिवर्सिटी ने इकनॉमिकली वीकर सेक्शन कोटा (ईडब्ल्यूएस) लागू करने का फैसला ले लिया है, जिसके तहत 10% सीटें बढ़ेंगी।

आंबेडकर यूनिवर्सिटी में अब तक 24 हजार रजिस्ट्रेशन

कटऑफ जाएगी ऊपर : यूनिवर्सिटी के अधिकारियों का अंदाजा है कि कटऑफ इस साल पिछले साल से ऊपर जाएगी। आंबेडकर यूनिवर्सिटी के डीन-स्टूडेंट्स सर्विसेज संतोष सिंह का कहना है, कटऑफ ऊपर जाएगी क्योंकि 12वीं क्लास के स्कोरर्स की संख्या बहुत ज्यादा है। साथ ही, इको ऑनर्स, इंग्लिश ऑनर्स, साइकलॉजी, सोसियॉलजी ऑनर्स के लिए ऐप्लिकेशन भी बढ़ रही हैं। पहली कटऑफ 9 जुलाई को आएगी।

साइकलॉजी, इंग्लिश, इको हिट : यूनिवर्सिटी को हर साल के अपने हिट प्रोग्राम के लिए सबसे ज्यादा ऐप्लिकेशन मिल रही हैं। बीए ऑनर्स साइकलॉजी इनमें शामिल है, जिसके लिए पिछले साल दिल्ली से बाहर के स्टूडेंट्स के लिए पहली कटऑफ लिस्ट 98.75% थी। 85% सीटें उनके लिए रिजर्व हैं, जिन्होंने दिल्ली से ही अपनी क्लास 12 पास की हो, बाकी 15% सीटें बाहर के कैंडिडेट के लिए है।

दो कैंपस से यूजी + वोकेशनल : अपने सोशल साइंस प्रोग्राम के लिए मशहूर यह यूनिवर्सिटी तीन कैंपस से चलती है - मेन कैंपस कश्मीरी गेट, करमपुरा और लोदी रोड। कश्मीरी गेट कैंपस में 7 प्रोग्राम हैं- इकनॉमिक्स, इंग्लिश, हिस्ट्री, मैथमैटिक्स, साइकलॉजी, सोसियॉलजी और सोशल साइंस एंड ह्यूमैनिटीज में बीए ऑनर्स।